with the agreement reached between the World Bank and act of these two States.

मध्य प्रदेश में गांवों का विद्युतीकरण

1618. **श्री राघवजी:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 मार्च, 1918 की स्थिति के अनुसार मध्य प्रदेश में ऐसे गांवों की जिला-वार संख्या कितनी है जिनमें बिजली नहीं पहुंच सकी है।

(ख) मध्य प्रदेश में संपूर्ण विद्युतीकरण कब तक कर दिया जाएगा; और.

(ग) मध्य प्रदेश में गांवों का विद्युतिकरण करने में क्या-क्या रुकावटें हैं और इन रुकावटों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

विद्युत मंत्री (श्री रंगराजन कुमारमंगलम): (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार, 1991 की जनगणना में शामिल 71526 आवासीय गांवों में से 67959 आवासीय गांवों को मध्य प्रदेश में 31.3.1998 तक विद्युतीकृत किया जा चुका है जिससे केवल 3567 गांव अभी विद्युतीकृत होने शेष हैं। इस तरह के गांवों की जिला-वार संख्या विवरण में दी गई है। **(नीचे देखिए)**

(ख) और (ग) मध्य प्रदेश में शेष गांवों का विद्युतीकरण मुख्यत: वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता, मध्य प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, पारेषण एवं वितरण जैसे आधारभूत सुविधाओं तथा अन्य लिंकेजों पर निर्भर करता है। मध्य प्रदेश में जिन कठिनाईयों का सामना किया जा रहा है। उनमें से कुछ हैं गैर-विद्युतीकृत गांवों का दूर-दराज क्षेत्र में स्थित होना, आधारभूत सुविधाओं की कमी तथा निधियों का अभाव। ग्रामीण विद्युतीकरण निगम, मध्य प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड को ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रमों को आरंभ करने के लिए आकर्षक शर्तों पर निधियां प्रदान करता है।

विवरण

क्र०सं०	जिला का नाम	अभी भी विद्युतीकरण किए जाने वाले गांवों की संख्या
1.	भोपाल	0
2.	रायसेन	88
3.	विदिशा	71
4.	शेहोर	4
5.	होशगांबाद	111
6.	राजगढ़	0
7.	बैतूल	17
8.	ग्वालियर	9
9.	दतिया	1
10.	मोरिना	64
11.	भिंड	5
12.	शिवपुरी	31
13.	गूना	72
14.	इंदौर	4
15.	धार	10
16.	झाबुआ	21
17.	खंडवा	5
18.	खरगौन	122
19.	उज्जैन	0
20.	रतलाम	0
21.	मदसौर	4
22.	शुजालपुर	3
23.	देवास	5
24.	जबलपुर	93
25.	मंडला	139
26.	नरसिंहपुर	2
27.	चित्तवाड़ा	6
28.	सिवनी	52
29.	बालाघाट	101
30.	सागर	102
31.	दमोह	105
32.	छत्तरपुर	14
33.	पन्ना	20
34.	टीकमगढ़	5
35.	रीवा	229
36.	सतना	151
37.	सिधी	23
38.	शहडोल	140
39.	रायपुर	216
40.	दुर्ग	35
41.	राजनंदगांव	160
42.	बस्तर	670
43.	बिलासपुर	207
44.	सरगुजा	262
45.	रायगढ़	188
	कुल:	3567

निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाये

1619. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में मार्च, 1988 को अनेक विद्युत उत्पादन परियोजना निर्माणाधीन थीं;